एक नजर में

पांच दिवसीय करियर मेले का आयोजन

नागदा । स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार यूनिसेफ के सहयोग से सभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं हाई स्कूल में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक पांच दिवसीय करियर मेले का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम में सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागदा में 29 जनवरी को अंबिका आदर्श कॉलेज बदनावर से करियर काउंसलर के रूप में सुजीत घोड़पकर एवं चेतन बैरागी सर उपस्थित हुए जिन्होंने विद्यार्थियों को करियर के विभिन्न विकल्पों के बारे में जानकारी दी एवं विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया । स्वागत भाषण संस्था की शिक्षिका श्रीमती कृष्णा राजावत ने दिया । संचालन संस्था के शिक्षक श्री मुकेश मकवाना ने किया एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती रुस्तुफ शेख ने किया । इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे

लोटस इंटरनेशनल स्कूल को फिर राष्ट्रीय सम्मान

नागदा । अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में 8 वर्षीय विद्यालय की छात्रा स्वर्णा सुनील जाट कक्षा चौथी (ग्राम माचकदा) को राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान तथा विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेंद्र पटेल को प्रधानाचार्य गौरव सम्मान से आज दिनांक 30.01.2026 को प्रधानमंत्री कार्यालय (नई दिल्ली) में सम्मानित किया गया। यह धार क्षेत्र का प्रथम विद्यालय बन गया है जिसे यह प्रतिष्ठित सम्मान लगातार दूसरी बार प्राप्त हुआ है। इस गौरवशाली उपलब्धि पर समस्त अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई

बदनावर । नगर कांग्रेस व ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आज विधायक कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी व उनके बताएं मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला संगठन महासचिव परितोष सिंह राठौड़ बंजी बना, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष निरंजन सिंह पवार, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश होती, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन जैन फुलजी बा, श्याम अग्निहोत्री, जिला पंचायत सदस्य अशोक डावर, जिला पंचायत प्रतिनिधि निर्देश सोनगरा, पार्षद जगदीश पाटीदार, विधायक प्रतिनिधि राम सीरवी, विनोद शर्मा, जमील कुरेशी ,अनूप जैन, देवेंद्र सिंह पवार, उमेश पाटीदार, महेंद्र सिंह झाला, अतुल बाफना, अब्दुल खालिद बादशाह, राजेंद्र जाट,आशीष जोशी, जगदीश डावर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। जानकारी विधायक प्रतिनिधि कैलाश गुप्ता द्वारा दी गई।

एक करोड़ 19 लाख का दिया क्षतिपूर्ति आदेश

बदनावर (धार)। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बदनावर, जिला धार के न्यायाधीश जी.सी. मिश्रा द्वारा वाहन दुर्घटना में मृतक शिक्षक दीपक पाटीदार के परिजनों को 1,19,00,000/- रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया गया है। यह राशि नेशनल इन्श्योरेंस बीमा कम्पनी, उज्जैन द्वारा अदा की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, धार में पदस्थ शिक्षक दीपक पाटीदार निवासी ग्राम तिलगारा, तहसील बदनावर, जिला धार दिनांक 10/04/2024 को मोटर सायकल से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान बदनावर से आगे डोकल्या पाड़ा के पास सामने से आ रही कार के चालक ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटर सायकल को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद गंभीर रूप से घायल दीपक पाटीदार को उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इसके पश्चात उनके परिजनों द्वारा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में क्षतिपूर्ति हेतु दावा प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने प्रकरण की सुनवाई उपरांत मृतक शिक्षक दीपक पाटीदार के वैध वारिसानों को बीमा कम्पनी से 1,19,00,000/- रुपये क्षतिपूर्ति एवं इस राशि पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दिलाए जाने के आदेश पारित किए। उक्त प्रकरण में मृतक के परिजनों की ओर से श्री पंकज पाटीदार, अधिवक्ता बदनावर एवं श्री मुकेश पाटीदार, अधिवक्ता बदनावर तथा सहयोगी अधिवक्ताओं द्वारा पैरवी की गई। यदि दुर्घटना के समय वाहन बीमित नहीं होता अथवा चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होता, तो सम्पूर्ण क्षतिपूर्ति राशि वाहन स्वामी एवं चालक को स्वयं अदा करनी पड़ती। अत: सभी वाहन चालकों से अपील है कि वाहन का बीमा एवं वैध लाइसेंस प्राप्त करने के पश्चात ही वाहन का संचालन करें।

नर्मदा जयंती महोत्सव मंगला मंदिर प्रांगण में मनाया

मनावर । नार्मदीय ब्राह्मण समाज द्वारा नर्मदा जयंती महोत्सव मंगला मंदिर प्रांगण में मनाया गया प्रारंभ में मां नर्मदा का अभिषेक मां नर्मदा एवं ब्रह्मलीन गजानंद बाबा बालीपुर के तेल चित्र पर पूजन और माल्यार्पण किया गया कार्यक्रम के मुख्य जजमान भारतीय सत्यनारायण शर्मा व सुधा श्याम डोंगरे थे। पंडित अमित शर्मा द्वारा मां नर्मदा का अभिषेक व पूजन संपन्न करवाया गया। नर्मदा अष्टक का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर योगेंद्र अत्रे महेंद्र अत्रे तथा पूर्व महिला मंडल कीअध्यक्ष मधु डालके, महिला मंडल की संरक्षक कृष्ण पगारे, श्रद्धा जोशी शालिनी शर्मा एवं नवनिर्वाचित महिला मंडल की अध्यक्ष भावना शुक्ला उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा कोषाध्यक्ष सुधा डोंगरे का बहुमान किया गया। वर्ष भर के कार्यक्रम का लेखा जोखा प्रवीण बर्वे द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन संतोष शर्मा ने किया गया तथा आभार राम शर्मा ने माना। दत्तात्रेय शर्मा, शैलेंद्र डालके, सुधाकर शर्मा, सतीश शर्मा लोकेश डालके का सहयोग सराहनी रहा।

जब गांव सशक्त होंगे, तभी देश मजबूत बनेगा : केंद्रीय मंत्री ठाकुर

▶ खाचरोदा व पलवा?ा में श्रमिक व कृषक चौपाल लगाकर अधिनियम की दी जानकारी

बदनावर। विकसित भारत - रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन, जी राम जी अधिनियम, 2025% कोई चुनावी नारा नहीं, बल्कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की एक ठोस योजना है। यह अधिनियम मनरेगा की जगह एक नई वैधानिक व्यवस्था लाता है। इसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। यह बात केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने बदनावर विधानसभा क्षेत्र के गांव खाचरौदा में किसान-श्रमिक चौपाल में संबोधित करते हुए कही।

कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष व संयोजक प्रेमचंद परमार, जिला उपाध्यक्ष सुनील मोदी, भाजपा जिला सहमीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीपसिंह सोलंकी, जिला सह संयोजक रवींद्र पाटीदार व ग्राम पंचायत सरपंच राजु डावर अतिथि रूप में मंचासीन थे। भाजपा के मंडल अध्यक्ष दिलीपसिंह सोलंकी ने स्वागत भाषण दिया।

चौपाल में केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने केंद्र सरकार के %विकसित भारत - जी राम जी अधिनियम 2025% के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अधिनियम रोजगार, कौशल विकास और स्वरोजगार को प्रोत्साहन देगा। साथ ही, भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। नारी सशक्तिकरण और युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने पर भी जोर दिया गया है। 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को इसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का मकसद गांवों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि जब गांव सशक्त होंगे, तभी देश मजबूत बनेगा। चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो दल वर्षों सत्ता में रहकर गरीबों, किसानों और श्रमिकों के लिए कुछ नहीं कर सके, वे अब विकास की रफ्तार से घबराकर झूठ फैला रहे हैं, लेकिन जागरूक जनता समझ चुकी है।

पूर्व मंत्री दत्तीगांव ने बताया कि इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को अब प्रति वर्ष 100 दिनों की बजाय 125 दिनों का रोजगार गारंटी मिलेगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि %जी राम जी% अधिनियम न्याय, समान अवसर और समृद्धि के सिद्धांतों को आधुनिक संदर्भ में साकार करने की दिशा में एक कदम है। किसान-श्रमिकों को भरोसा दिलाया कि यह अधिनियम केवल कागजी नहीं, बल्कि जनकल्याणकारी कानून है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के मण्डल उपाध्यक्ष ईश्वरसिंह पायकुंडा ने किया। आभार अनोखीलाल यादव ने माना। चौपाल में ब?ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, श्रमिक व गांववासी मौजूद थे।

पलवाड़ा में भी लगाई चौपाल

इसके बाद गांव पलवाड़ा में भी चौपाल लगाकर किसान-श्रमिक चौपाल में लगाकर केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने विकसित भारत - जी राम जी अधिनियम 2025% के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच अफसर पटेल, जाकिर पटेल, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौ?, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नितिन सावंत आदि मौजूद थे। यह जानकारी भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी कवि ने दी। सोलंकी ने बताया कि पूरे जिले में इस अभियान को लेकर चौपाल लगाकर किसानों व श्रमिको को योजना से लाभ व उपयोगिता बताई जा रही है।

मिड मालवा स्कूल में शहीद स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

बदनावर। महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि एवं शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर मिड मालवा स्कूल में भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने देश के ज्ञात-अज्ञात शहीदों को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था संचालक नवीन चौहान ने महात्मा गांधी के जीवन, विचारों एवं आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार क्रांतिवीरों और स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर देश को आज़ादी दिलाई। उन्होंने कहा कि शहीद स्मृति दिवस उन सभी वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है, जिन्होंने देश की आज़ादी और सुरक्षा के लिए अपने प्राण अर्पित किए। यह दिन हमें त्याग, बलिदान और देशभक्ति की भावना से जोड़ता है।

कार्यक्रम में हेड गर्ल दीक्षा पुरोहित, हेड बॉय पुखराज रिंगोदिया, डिप्टी हेड बॉय-गर्ल तन्मय सिंगड एवं राशि दांगी, कल्चरल कैप्टन व वाइस कैप्टन वेदिका दांगी तथा आदर्श चौहान सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

पशुपालन मंत्री लखन सिंह पटेल ने किए बंकनाथ मंदिर में दर्शन

मनावर। मां नर्मदा परिक्रमा के प्रवास के दौरान मध्य प्रदेश शासन में पशुपालन मंत्री श्री लखन सिंह पटेल आज दिनांक 30 जनवरी 2026 को बंकनाथ अटल दरबार मंदिर पहुंचे और भगवान अटल दरबार के दर्शन पूजन कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

इस अवसर पर पशुपालन विभाग मनावर के मुकेश डावर, मनोहर सिंह सोलंकी, जिला पंचायत सदस्य एवं जैव विविधता सभापति श्री गणेश जर्मन, मंदिर सदावृत समिति के अध्यक्ष राधे श्याम पाटीदार, डॉ. मनोज पाटीदार, पत्रकार कौशिक पंडित, सेवानिवृत तुकाराम पाटीदार, प्रियरंजन सिंह बालीपुर, पंकज रामेश्वर पाटीदार आदि उपस्थित रहे।

दुर्घटना में मृतक शिक्षक के परिजनों को मिला 1 करोड़ से अधिक का मुआवजा

बदनावर (धार)। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बदनावर, जिला धार के न्यायाधीश श्री जी.सी. मिश्रा द्वारा वाहन दुर्घटना में मृतक शिक्षक दीपक पाटीदार के परिजनों को 1,19,00,000/- रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया गया है। यह राशि नेशनल इन्श्योरेंस बीमा कम्पनी, उज्जैन द्वारा अदा की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, धार में पदस्थ शिक्षक दीपक पाटीदार निवासी ग्राम तिलगारा, तहसील बदनावर, जिला धार दिनांक 10/04/2024 को मोटर सायकल से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान बदनावर से आगे डोकल्या पाड़ा के पास सामने से आ रही कार के चालक ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटर सायकल को टक्कर मार दी।

दुर्घटना के बाद गंभीर रूप से घायल दीपक पाटीदार को उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इसके पश्चात उनके परिजनों द्वारा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में क्षतिपूर्ति हेतु दावा प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय ने प्रकरण की सुनवाई उपरांत मृतक शिक्षक दीपक पाटीदार के वैध वारिसानों को बीमा कम्पनी से 1,19,00,000/- रुपये क्षतिपूर्ति एवं इस राशि पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दिलाए जाने के आदेश पारित किए।

उक्त प्रकरण में मृतक के परिजनों की ओर से श्री पंकज पाटीदार, अधिवक्ता बदनावर एवं श्री मुकेश पाटीदार, अधिवक्ता बदनावर तथा सहयोगी अधिवक्ताओं द्वारा पैरवी की गई।

卐यदि दुर्घटना के समय वाहन बीमित नहीं होता अथवा चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होता, तो सम्पूर्ण क्षतिपूर्ति राशि वाहन स्वामी एवं चालक को स्वयं अदा करनी पड़ती। अत: सभी वाहन चालकों से अपील है कि वाहन का बीमा एवं वैध लाइसेंस प्राप्त करने के पश्चात ही वाहन का संचालन करें।

राजनीति में बढ़ते जातिवाद पर हुई बहस

▶ संस्कृति शर्मा और डॉ. रिदम गुप्ता ने मारी बाजी, 37 प्रतिभागियों नें दी वैचारिक प्रस्तुति

कुक्षी। राजनीति में बढ़ते जातिवाद पर कुक्षी के युवा मंच द्वारा 28 जनवरी को जवाहर चौक कुक्षी में अखिल भारतीय स्तर की वादविवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । अध्यक्ष मनीष भावसार ने बताया कि प्रतियोगिता में भोपाल , इन्दौर , खण्डवा , खरगोन , मनावर , राजगढ़ सहित कुक्षी क्षेत्र के 21 प्रतिभागियों ने पक्ष में और 16 ने विपक्ष में भागीदारी की । महासचिव नीलेश बड़जात्या ने बताया कि पक्ष में संस्कृति शर्मा प्रथम , तिलक निरगुड़े द्वितीय , रिदम दुबे तृतीय तथा अक्षरा गुप्ता चतुर्थ स्थान पर रहे । दृश्य प्रजापति को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया । विपक्ष में डॉ. रिदम गुप्ता प्रथम, आदित्य प्रताप सिंह द्वितीय , यशपाल डोडवा तृतीय तथा आध्या जैन चतुर्थ स्थान पर रहे । डॉ.रामेश्वर गुप्ता को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला । कोषाध्यक्ष हीरालाल हम्मड़ ने बताया कि प्रथम पुरस्कार 5555 /- रूपए , द्वितीय 4444/- रूपए , तृतीय 3333/- रूपए , चतुर्थ 2222/- रुपए तथा प्रोत्साहन पुरस्कार 555/- रूपए रखा गया था । सभी 37 प्रतियोगियों को आकर्षक प्रतीक चिह्न प्रदान किए गए । निर्णायक मण्डल में प्रो.गजेन्द्र पायग्या , एडवोकेट दिनेश पाटीदार तथा जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक मनीष शर्मा शामिल थे । संरक्षक पं.मनोहर मंडलोई ने बताया कि स्व. लक्ष्मीकांत गुप्ता लखिया की पुण्य स्मृति में प्रारम्भ वादविवाद की इस प्रतियोगिता का यह 40 वां वर्ष था जो स्व. लखिया के साथ स्व. सुरेन्द्र जैन , स्व. कैलाश भायल , स्व. राजेन्द्र खानविलकर तथा स्व. विशाल मंडलोई को श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित की जाती है । स्वागत भाषण मनीष भावसार ने दिया आभार महासचिव नीलेश ब?जात्या ने माना। संचालन मनोज साधु व गोपाल सोनी ने किया ।

इनका मिला आतिथ्य* कार्यक्रम में शेख़ शब्बर हुसैन जीनवाला उपाध्यक्ष नगर परिषद कुक्षी , विधायक प्रतिनिधि व पार्षद कनकमल सोनी पूर्व जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्रसिंह बघेल तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय महाविद्यालय कुक्षी की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश पाटीदार अतिथि के रूप में मौजूद थे ।

एक नजर ▶ माथुर प्रासंगिक स्मरणीय एवं वंदनीय है-दत्तीगांव, माथुर साहब लेखनी के पुरोधा व महारथी थे : शरद द्विवेदी

लोकतंत्र बचाने हर गली में राजेंद्र माथुर जरूरी : विधायक शेखावत

बदनावर । देश के लोकतंत्र एवं स्वाभिमान को जिंदा रखना है तो हर गली में राजेंद्र माथुर चाहिए। लंबे दौर के बाद यदि माथुर साहब को याद करना पड़ा मतलब पत्रकारिता एवं पत्रकार दोनों संकट में है। जनता की आवाज अवरुद्ध हो रही है। सच लिखने वाले पत्रकार आज भी पीड़ित है आज घोषित आपातकाल तो नहीं है लेकिन दिशाहीन आपातकाल की ओर देश बढ़ रहा है।

वर्तमान दौर बहुत कठिन पत्रकारिता का है दुनिया के कई देशों में जनता की आवाज को दबाया जा रहा है पत्रकारिता में भाई साहब युग आ गया है जो खतरनाक है। आप उस दौर में पत्रकारिता कर रहे हैं जहां कोई सच सुनने वाला नहीं है। कई मूर्धन्य पत्रकार आज भी प्रताड़ित हो रहे हैं।जो युग मेने 1970-75 में देखा वह घोषित आपातकाल था लेकिन अब जो दिखाई व सुनाई दे रहा है वह घोषित तो नहीं लेकिन दिशा वही है।

सच सुनने का एक प्रश्न सहन नहीं कर सकता आज का नेता, हम जिस देश में बैठे हैं उसके आसपास के देशों में निगाह दौड़ा लीजिए धीरे-धीरे लोकतंत्र समाप्त हो गया है जनता की आवाज दबा दी गई है। पूरे देश की पत्रकारिता दो-तीन लोगों के हाथों में सिमट गई है जिसे कॉर्पोरेट कहते हैं।

उक्त बातें तहसील पत्रकार संघ बदनावर द्वारा आयोजित 卐अपने माथुर साहब卐 आयोजन में स्मारिका विमोचन, पत्रकार अलंकरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बदनावर विधायक भंवर सिंह शेखावत ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने की। विशेष वक्ता के तौर पर बंसल न्यूज़ मप्र. छग. प्रमुख एवं वरिष्ठ पत्रकार भोपाल शरद द्विवेदी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में धार जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष पंडित छोटू शास्त्री, पूर्व राज्य मंत्री राजेश अग्रवाल, एसडीएम प्रियंका मीमरोट, धार जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर प्रहलाद सिंह सोलंकी आदि मंचासिन थे।

प्रारंभ में अतिथियों ने बस स्टॉप स्थित मूर्धन्य पत्रकार राजेंद्र माथुर की प्रतिमा और माल्यार्पण किया तत्पश्चात आयोजन स्थल पर मां सरस्वती, मूर्धन्य पत्रकार माथुर, रियाज मोहम्मद कुरैशी एवं तहसील पत्रकार संघ के संस्थापक अध्यक्ष मोहन गिरी गोस्वामी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं पुष्पहारों से आयोजन संघ एवं उपस्थित पत्रकारों ने किया। स्वागत उद्बोधन तहसील पत्रकार संघ के अध्यक्ष गोवर्धन सिंह डोडिया ने दिया।